doubtnut
India's Number 1 Education App

# ACCOUNTS

## NCERT - NCERT अकाउंटेंसी(HINDI)

## ऋणपत्रों का निर्गम एवं मोचन

### उदाहरण

**1.** एबीसी लिमिटेड ने प्रति ऋणपत्र 100 रु. के 10,000 ऋणपत्र जारी किए जिसमें आवेदन पर 30 रु. और आबंटन पर शेष राशि देय है। जनता ने 9,000 रु. के ऋणपत्रों के लिए

आवेदन किया जो पूर्णतः आबंटित थे और उपयुक्त अपेक्षित राशि प्राप्त की गई। एबीसी लिमिटेड के खातों (पुस्तकों) में रोज़नामचा प्रविष्टियाँ तथा तुलन-पत्र तैयार करें।

वीडियो उत्तर देखें

**2.** टी वी कंपोनेंटस लिमिटेड ने प्रति ऋणपत्र 100 रु. पर 10,000, 12% ऋणपत्रों को 5% के बट्टे पर निर्गमित किए जो निम्नवत् देय हैं|

आवेदन पर 40 रु. ०

आबंटन पर 55 रु.

इसकी रोज़नामचा प्रविष्टियाँ करें तथा यह मानकर चलें कि

इसकी सभी किश्तें यथानुसार प्राप्त हुई हैं। इसके साथ ही तुलन-पत्र का उपयुक्त भाग भी दर्शाएँ।

वीडियो उत्तर देखें

**3.** एक्स वाई ज़ेड इंडस्ट्रीज़ लि. ने प्रति ऋणपत्र 100 रु. पर 2,000, 10% ऋणपत्रों को 10 रु. प्रीमियम पर निर्गमित किया जो निम्नानुसार देय हैं|

आवेदन पर (50 रु.)

आबंटन पर 60 रु.

सभी ऋणपत्र पूर्णतः अभिदत्त हुए और संपूर्ण राशि यथोचित

प्राप्त हुई। कंपनी की खाता पुस्तकों में रोज़नामचा प्रविष्टियाँ अभिलिखित करें साथ ही तुलन-पत्र भी तैयार करें |

वीडियो उत्तर देखें

**4.** ए. लिमिटेड ने प्रति ऋणपत्र 100 रु. पर 5,000, 10% ऋणपत्र 10 रु. के प्रति ऋणपत्र प्रीमियम पर निर्गमित किए, जो निम्नानुसार देय हैं।

आवेदन पत्र 25 रु.

आबंटन पत्र 45 रु. (प्रीमियम सहित)

प्रथम एवं अंतिम माँग पर 40 रु.

सभी ऋणपत्र पूर्णतः अभिदत्त हुए और समस्त राशि यथानुसार

प्राप्त हुई। कंपनी की खाता पुस्तकों में सभी आवश्यक प्रविष्टियाँ अभिलिखित करें। यह भी दिखाएँ कि तुलन-पत्र में राशि कैसे दर्शाएँगे।

वीडियो उत्तर देखें

**5.** एक्स लिमिटेड ने 40 रु. आवेदन पर तथा 60 रु. आबंटन पर देय रखते हुए प्रति ऋणपत्र 100 रु. पर 10,000, 10% ऋणपत्रों को निर्गमित किया। जनता ने 14,000 ऋणपत्रों के लिए आवेदन किए। 9,000 ऋणपत्रों के लिए पूर्ण आवेदन स्वीकृत किए गए। 2,000 ऋणपत्रों के लिए आवेदनों पर 1,000 ऋणपत्र आबंटित किए गए। शेष आवेदनों को

अस्वीकार्य कर दिया गया। सारी राशि यथानुसार प्राप्त हुई थी। इन लेनदेनों की रोज़नामचा में प्रविष्टियाँ दें। ऋणपत्रों का निर्गम एवं मोचन-

उत्तर देखें

**6.** आशीर्वाद कंपनी लिमिटेड ने अन्य कंपनी से 2,00,000 रु. पुस्तक मूल्य की परिसंपत्तियाँ खरीदी और यह सहमति बनी कि क्रय प्रतिफ़ल का भुगतान, प्रति ऋणपत्र 100 रु. पर 2,000 10% ऋणपत्रों के निर्गम द्वारा किया जाएगा। आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ अभिलिखित करें।

वीडियो उत्तर देखें

**7.** राय कंपनी ने एक अन्य कंपनी से 2,20,000 रु. पुस्तक मूल्य की परिसंपत्तियाँ खरीदीं और यह सहमति बनी कि इस क्रय प्रतिफ़ल के, भुगतान के रूप में प्रति ऋणपत्र 100 रु. के 2,000, 10% प्रीमियम के साथ जारी करने के द्वारा होगा। आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ अभिलिखित करें। ऋणपत्रों का निर्गम एवं मोचन

वीडियो उत्तर देखें

**8.** नेशनल पैकेजिंग कंपनी ने एक अन्य कंपनी से 1,90,000 रु. की परिसंपत्तियाँ खरीदी और क्रय प्रतिफ़ल की भुगतान

सहमति के हिसाब से 100 रु. प्रति ऋणपत्र से 2,000, 10% ऋणपत्र 5% बट्टे के हिसाब से जारी किए गए। आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ अभिलिखित करें।

वीडियो उत्तर देखें

**9.** जी एस राय कंपनी ने 99,000 रु. पुस्तक मूल्य की परिसंपत्तियाँ एक फ़र्म से खरीदीं। यह सहमति बनी कि क्रय प्रतिफ़ल का भुगतान 100 रु. प्रत्येक ऋणपत्र से 10% ऋणपत्रों को निर्गम के द्वारा किया जाएगा।

1. सममूल्य पर

2. 10% के बट्टे पर

3. 10% के प्रीमियम पर

आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ अभिलिखित करें।

वीडियो उत्तर देखें

**10.** रोमी लिमिटेड ने कपिल इंटरप्राइजेज से 20 लाख रु. की परिसंपत्तियाँ खरीदीं तथा उसकी 2 लाख रु. की लेनदारी भी ग्रहण की। रोमी ने क्रय प्रतिफ़ल के रूप में 100 रु. प्रति ऋणपत्र से 8% ऋणपत्र जारी किए। रोमी लिमिटेड की खाता पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ अभिलिखित करें।

वीडियो उत्तर देखें

**11.** ब्लू प्रिंट लिमिटेड ने 1,50,000 रु. मूल्य का भवन तथा 1,40,000 रु. मूल्य की मशीनरी तथा 10,000 रु. मूल्य का फर्नीचर एक्स वाई ज़ेड कंपनी से खरीदा। इसके साथ ही 20,000 रु. की दायित्व को भी ग्रहित किया और इस का क्रय प्रतिफ़ल 3,15,000 रु. तय हुआ। ब्लू प्रिंट लिमिटेड ने कुछ प्रतिफ़ल का भुगतान 100 रु. प्रति ऋणपत्र से 12% ऋणपत्रों को 5% प्रीमियम के साथ जारी किया। आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ अभिलिखित करें।

वीडियो उत्तर देखें

**12.** ए लिमिटेड ने बी एंड कंपनी से 3,00,000 रु. की परिसंपत्तियाँ तथा 10,000 रु. के दायित्व अपने अधिकार में इस सहमति पर प्राप्त किए कि क्रय प्रतिफ़ल 2,70,000 रु. का भुगतान 100 रु. प्रति ऋणपत्र से 15% ऋणपत्रों को 20% प्रीमियम पर निर्गम किया जाएगा। ए लिमिटेड की खाता पुस्तकों हेतु रोज़नामचा प्रविष्टियाँ दर्शाएँ।

वीडियो उत्तर देखें

**13.** सुविधा लिमिटेड ने सप्लायर्स लिमिटेड से 1,98,000 रु. के मूल्य की मशीनरी क्रय की। इसका भुगतान 100 रु.

प्रत्येक पर 12% ऋणपत्र जारी करके किया गया।

मशीनरी की खरीद के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ दें

और यदि-

(1) ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया गया है। ,

(2) ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया गया है। (3)

ऋणपत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया गया है।

वीडियो उत्तर देखें

**14.** एक कंपनी पंजाब नेशनल बैंक से 10,00,000 रु. का ऋण प्राप्त करती है और संपाश्विक प्रतिभूति के रूप में 12,00,000 रु. के 100 रु. प्रति से 10% ऋणपत्रों को जारी

करती है। बताएँ कि कंपनी की खाता पुस्तकों में ऋणपत्र का निर्गम व्यवहार किस प्रकार होगा।

वीडियो उत्तर देखें

**15.** निम्नलिखित के लिए रोज़नामचा प्रविष्टियाँ दीजिए-

1. 100 रु. प्रत्येक पर 1,00,000 रु. के 9% ऋणपत्र सममूल्य पर निर्गमित एवं सममूल्य पर मोचनीय।

2. 100 रु. प्रत्येक पर 1,00,000 रु. के 9% ऋणपत्र 5% प्रीमियम पर निर्गमित एवं सममूल्य पर मोचनीय।

3. 100 रु. प्रत्येक पर 1,00,000 रु. के 9% ऋणपत्र 5% बट्टे पर निर्गमित एवं सममूल्य पर मोचनीय।

4. 100 रु. प्रत्येक पर 1,00,000 रु. के 9% ऋणपत्र सममूल्य पर निर्गमित एवं 5% प्रीमियम पर मोचनीय।

5. 100 रु. प्रत्येक पर 1,00,000 रु. के 9% ऋणपत्र 5% बट्टे पर निर्गमित तथा 5% प्रीमियम पर मोचनीय।

6. 100 रु. प्रत्येक पर 1,00,000 रु. के 9% ऋणपत्र 5% प्रीमियम पर निर्गमित एवं 5% प्रीमियम पर मोचनीय।

उत्तर देखें

**16.** एक्स लिमिटेड की खाता पुस्तकों में ऋणपत्र के निर्गम से संबंधित रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए और यह भी दर्शाएँ कि निम्न मामले तुलन-पत्र में किस प्रकार दर्शाए जाएंगे।

(क) 1000 रु. प्रत्येक के 120, 8% ऋणपत्र 5% बट्टे पर निर्गमित एवं सममूल्य पर मोचनीय है।

प्रतिभूति प्रीमियम संचय का शेष 10,000 रु. है।

(ख) 1000 रु. प्रत्येक के 150, 7% ऋणपत्र 5% बट्टे पर निर्गमित तथा 10% प्रीमियम पर मोचनीय प्रतिभूति प्रीमियम संचय का शेष 20.000 रु. है।

(ग) 1000 रु. प्रत्येक के 80, 9% ऋणपत्र का 5% प्रीमियम पर निर्गमन।

(घ) 100 रु. प्रत्येक के अन्य 400, 8% ऋणपत्र संपाश्विक प्रतिभूति के रूप में 40,000 ऋण पर निर्गमित।

उत्तर देखें

**17.** 1 अप्रैल , 2016 को ए लिमिटेड ने 100 रु. प्रत्येक के 2,000,10% ऋणपत्र 10% बट्टे पर निर्गमित किए जो 10% प्रीमियम पर मोचनीय थे।

ऋणपत्र के निर्गमन तथा 31 मार्च, 2017 की समाप्त अवधि के लिए ऋणपत्र ब्याज से संबंधित रोज़नामचा की प्रविष्टियों को यह मानकर दर्शाएँ कि ब्याज अर्ध-वार्षिक प्रदत्त किया गया, जिसमें आधे का भुगतान 30 सितंबर, 2016 को तथा शेष 31 मार्च, 2017 को किया गया। यहाँ कर की दर 10% थी। ए लिमिटेड अपने लेखांकन वर्ष हेतु कैलेंडर वर्ष का अनुपालन करती है।

उत्तर देखें

**18.** रोहित लिमिटेड ने 01, जुलाई 2019, 100 रु. प्रति ऋणपत्र पर 50,000, 8% ऋणपत्र 9% बट्टे पर निर्गमित किये। प्रतिभूति प्रीमियम संचय का शेष 5,00,000 रु. है। यदि ऋणपत्र 5 वर्ष पश्चात् 7% प्रीमियम पर शोध नीय है तो बट्टा/हानि को अपलिखित करते हुए ऋणपत्र निर्गम संबंधी रोजनामचा प्रविष्टियां दें।

वीडियो उत्तर देखें

**19.** 01, अक्टूबर 2019 को फिजा लिमिटेड ने 20 रु. प्रति ऋणपत्र के 9% ऋणपत्रों को 6 रु. बट्टे पर निर्गमित किया। प्रतिभूति प्रीमियम संचय खाते का शेष 1,00,000 रु. है।

ऋणपत्र निर्गम पर बट्टे की राशि को अपलिखित करने के लिए रोजनामचा प्रविष्टि दें।

वीडियो उत्तर देखें

**20.** 01, मई 2019 को अमृत लिमिटेड ने 100 रु. प्रति ऋणपत्र के 8: ऋणपत्रों को 6 रु. बट्टे पर निर्गम 10: बट्टे पर किया जो 10: प्रीमियम पर शोधनीय थे। सभी ऋणपत्र पूर्णतः अभिदत्त रहे और संपूर्ण राशि प्राप्त की गई। कंपनी के प्रतिभूति प्रीमियम संचय में 70,000 रु. का शेष उपलब्ध था। जनवरी 01, 2020 को कंपनी ने 10 रु. प्रति अंश के

1,00,000 समता अंशों का निर्गम 1 रु. प्रति अंश प्रीमियम पर किया। आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियां दें।

उत्तर देखें

**21.** निम्नलिखित प्रत्येक मामले में ऋणपत्र के मोचन के समय पर आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ दीजिए-

1. एक्स लिमिटेड ने 100 रु. प्रत्येक के 5,000,9% ऋणपत्र सममूल्य पर जारी किए तथा 5 वर्ष की समाप्ति पर पूँजी से सममूल्य मोचनीय हैं।

2. एक्स लिमिटेड ने 100 रु. प्रत्येक 1,000, 12% ऋणपत्र सममूल्य पर जारी किए। ये ऋणपत्र 4 वर्ष के अंत में 10%

प्रीमियम पर मोचनीय हैं। **3. एक्स लिमिटेड 1,00,000 रु. के अंकित मूल्य के 12% ऋणपत्र 5% प्रीमियम के साथ जारी किए गए जो 4 वर्षों के पश्चात् मोचनीय पर हैं।**

**4. एक्स लिमिटेड ने 1,00,000 रु. के 12% ऋणपत्रों को 5% बट्टे के साथ निर्गमित किया जो वर्ष के अंत में 5% प्रीमियम पर मोचनीय हैं।**

उत्तर देखें

**22. एक्स वाई ज़ेड लि. ने 1 अप्रैल, 2013 को 100 रु. प्रत्येक के 200, 15% ऋणपत्र 10% बट्टे पर जारी किए जो लाभ में से 10% प्रीमियम के साथ मोचनीय हैं। कंपनी द्वारा ऋणपत्र**

शोधन हेतु निर्धारित राशि का वैधानिक सृजन किया है। यह मानते हुए कि (अ) एक्स वाई ज़ेड लि. एक सूचीगत कंपनी है। (ब) एक्स वाई ज़ेड 'अन्य असूचीगत' कंपनी है।

उत्तर देखें

23. जे. के. लिमिटेड जो कि एक सूचीगत कंपनी है, ने 50 रु. के प्रति ऋणपत्र के 6,000, 12% ऋणपत्रों को 5% प्रीमियम पर 1 अप्रैल, 2014 को निर्गमित किया। इन ऋणपत्रों पर वार्षिक ब्याज 31 मार्च को देय है।

ऋणपत्रों का निर्गम एवं मोचन 121 इन ऋणपत्रों का शोधन सममूल्य पर चार समान किस्तों पर 10% प्रीमियम की दर से

तीसरे, चौथे, पाँचवे और छठे वर्ष में होना तय है। कंपनी ने विशिष्ट प्रतिभूतियों में शोधन के संदर्भ में निवेश किया है। कंपनी की पुस्तकों में निर्गम और शोधन संबंधी रोजनामचा प्रविष्टियाँ दें।

उत्तर देखें

24. ऋणपत्रों का निर्गम एवं मोचन 121 इन ऋणपत्रों का शोधन सममूल्य पर चार समान किस्तों पर 10% प्रीमियम की दर से तीसरे, चौथे, पाँचवे और छठे वर्ष में होना तय है। कंपनी ने विशिष्ट प्रतिभूतियों में शोधन के संदर्भ में निवेश

किया है। कंपनी की पुस्तकों में निर्गम और शोधन संबंधी रोजनामचा प्रविष्टियाँ दें।

उत्तर देखें

25. अ ब स लिमिटेड, जो कि अन्य असूचीगत कंपनी है, ने 1 अप्रैल, 2014 को 50 रु. प्रति ऋणपत्र पर 6,000 12% ऋणपत्र 5% बट्टे पर निर्गमित किये। इन ऋणपत्रों पर प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को वार्षिक ब्याज देय है। इन ऋणपत्रों को चार समान किस्तों पर तीसरे, चौथे, पाँचवे और छठे वर्ष में 10% प्रीमियम पर शोधन होगा। कंपनी ने विशिष्ट प्रतिभूतियों में निवेश किया है। आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ दें।

उत्तर देखें

26. ए.बी.सी. लिमिटेड ने 1 अप्रेल 2012 को 5% बट्टे पर 100 रु. प्रत्येक के 3,000, 14% ऋणपत्र जारी किए। इन ऋणपत्रों पर ब्याज प्रत्येक वर्ष का 31 मार्च को देय है। यह ऋणपत्र तीन समान किस्तों में मोचनीय है और जो तीसरे, चौथे तथा पाँचवे वर्ष के अंत में देय हैं। कंपनी की खाता पुस्तकों में 14% ऋणपत्र खाता तैयार करें तथा ऋणपत्र निर्गम का बट्टा खाता तथा ऋणपत्र ब्याज खाता भी तैयार करें।

उत्तर देखें

27. विश्वास लिमिटेड के पास 100 रु. पास ऋणपत्र के 20,000 7% ऋणपत्र जिनका, शोधन इस प्रकार है : मार्च 31, 2017 - 3,000 मार्च 31, 2019 - 5,000

मार्च 31, 2020 - शेष ऋणपत्र

कंपनी द्वारा 01 अप्रैल का ऋणपत्र शोधन विनियोग किए गए ताकि सभी वैधानिक आवश्यकताएँ पूरी हो सके। आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ दें और खाताबही तैयार करें।

उत्तर देखें

28. एक्स लिमिटेड ने 100 रु. प्रत्येक के 20.000 रु. के अंकित मल्य के ऋणपत्रों को खले बाज़ार से नि के लिए 92 रु. पर खरीदा। आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ अभिलिखित करें।

उत्तर देखें

29. एक्स लिमिटेड ने निर्णय लिया कि वह 250, 12% ऋणपत्र (प्रति मूल्य 100 रु.) का मोचन करेगी जिनका कुल मूल्य 25,000 रु. है। इस उद्देश्य हेतु कंपनी ने स्वयं के 20,000 रु. मूल्य के ऋणपत्रों का क्रय 98.50 प्रति ऋणपत्र

पर किया जिस पर 100 रु. का खर्च आया। शेष राशि, जो कि 5,000 रु. है, के ऋणपत्रों को लॉटरी द्वारा निकाल कर मोचित किया गया। रोज़नामचा प्रविष्टियाँ दें।

उत्तर देखें

30. 1 अप्रैल 2013 को, कंपनी ने 1,000 रु. प्रत्येक को 960 रु. प्रत्येक ऋणपत्र की दर से 1,000, 6% ऋणपत्र निर्गमित किए। निर्गमन के नियमानुसार मार्च 31, 2015 के अंत में हर वर्ष 200 ऋणपत्रों के मोचन की सुविधा या तो खरीद के द्वारा अथवा सममूल्य पर लॉटरी द्वारा मोचन करने का प्रावधान है। 31.03.2015 को कंपनी ने ऋणपत्र रद्द करने के लिए 950 रु.

प्रति ऋणपत्र की दर से 80,000 रु. अंकित मूल्य के तथा 900 रु. प्रति ऋणपत्र की दर से 1,20,000 अंकित मूल्य के ऋणपत्र खरीदे। उपर्युक्त लेनदेन की रोज़नामचा प्रविष्टियाँ तैयार करें तथा मोचन से हुए लाभ के रद्दीकरण को दर्शाएँ।

उत्तर देखें

31. अर्जुन प्लास्टिक्स लिमिटेड ने 100 रु. प्रत्येक के 1,000, 15% ऋणपत्रों को 10 रु. प्रति समता अंश में 2.50 रु. प्रतिअंश प्रीमियम के द्वारा ऋणपत्रों को परिवर्तनीयता के द्वारा मोचित किया। इसके साथ ही कंपनी ने 500 ऋणपत्रों को भी मोचित किया। आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ दें।

उत्तर देखें

32. 01 अप्रैल, 2013 को एक कंपनी ने 100 रु. प्रति दर के 1,0009% ऋणपत्र 92 रु. प्रति ऋणपत्र की दर से निर्गमित किए। निर्गमन की शर्तों के अनुसार 31 मार्च, 2016 से प्रति वर्ष 2,000 ऋणपत्रों का मोचन 20 रु. प्रति अंश की दर से समता अंशों में परिवर्तित करके अथवा एकमुश्त ड्रॉ द्वारा तय किए गए कंपनी के विकल्प के अनुरूप किया जाएगा। 31 मार्च, 2016 को कंपनी ने 2,0009% ऋणपत्रों का मोचन समता अंशों में परिवर्तन द्वारा करने का निर्णय लिया। जहाँ प्रति समता अंश का मूल्य 20 रु. प्रति अंश तय किया गया। आवश्यक राज़नामचा प्रविष्टियाँ दें।

उत्तर देखें

33. एल सी एम लिमिटेड ने अपने 500 रु. प्रत्येक के 10,00,000,9% ऋणपत्रों को 480 रु. प्रत्येक ऋणपत्र दर पर निरसन के लिए क्रय किया। आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ दें।

उत्तर देखें

स्वयं करें

1. जी लिमिटेड के पास 100 रु. के प्रत्येक, 800 लाख रु. के 10% ऋणपत्र हैं जो 31 मार्च 2017 को मोचनीय हैं। आवश्यक प्रविष्टियाँ दें।

वीडियो उत्तर देखें

## स्वयं जाँचिए 1 बताएँ कि निम्नलिखित कथन सही हैं या गलत

1. ऋणपत्र स्वामित्व पूँजी का एक हिस्सा है।

वीडियो उत्तर देखें

2. ऋणपत्रों पर दिए जाने वाले ब्याज का भुगतान कंपनी के लाभ से किया जाता है।

वीडियो उत्तर देखें

3. ऋणपत्रों को अंकित मूल्य के 10% से अधिक बढ़े के साथ निर्गमित नहीं किया जा सकता है।

उत्तर देखें

4. मोचनीय ऋणपत्र वे ऋणपत्र हैं जो कि एक विशिष्ट अवधि की समाप्ति पर देय होते हैं।

वीडियो उत्तर देखें

5. स्थायी ऋणपत्रों को अमोचनीय ऋणपत्रों के नाम से भी जानते हैं।

वीडियो उत्तर देखें

6. ऋणपत्रों को अंशों में परिवर्तित नहीं किया जा सकता है।

वीडियो उत्तर देखें

7. ऋणपत्रों को एक प्रीमियम के साथ निर्गमित नहीं किया जा सकता है।

वीडियो उत्तर देखें

8. एक संपाश्विक प्रतिभूति एक सहायक प्रतिभूति होती है।

उत्तर देखें

9. ऋणपत्रों को प्रीमियम पर निर्गमित एवं सममूल्य पर मोचित नहीं कर सकते हैं।

उत्तर देखें

10. ऋणपत्र निर्गम में हानि (खाता) एक आगम हानि है।

उत्तर देखें

11. ऋणपत्र मोचन पर प्रीमियम खाता, तुलन-पत्र में प्रतिभूति प्रीमियम के अंतर्गत दर्शाया जाता है।

उत्तर देखें

## स्वयं जाँचिए 2

**1. निम्नलिखित बहु-विकल्पी प्रश्नों में सही व सटीक उत्तर चुनें:**

**ऋणपत्र जो सुपुर्दगी द्वारा हस्तांतरित होते हैं उन्हें .................. ऋण पत्र कहते हैं**

A. पंजीकृत ऋणपत्र

B. प्रथम ऋणपत्र

C. वाहक ऋणपत्र

D. N/A

**Answer: C**

वीडियो उत्तर देखें

2. एक्स कं. लि. की खाता पुस्तकों में निम्न रोज़नामचा प्रविष्टियाँ हैं-

बैंक खाता नाम 4,75,000

ऋणपत्र निर्गम पर हानि खाता नाम - 75,000

12% ऋणपत्र खाते से - 5,00,000

**ऋणपत्रों के मोचन पर प्रीमियम खाते से- 50,000 बताएँ, ऋणपत्रों का निर्गम कितने बट्टे की किस दर पर हुआ है-**

A. 0.15

B. 0.05

C. 0.1

D. N/A

**Answer: B**

उत्तर देखें

3. एक्स लिमिटेड ने 28,80,000 मूल्य की परिसंपतियाँ खरीदी। इसने 100 रु. प्रत्येक के 4% बट्टे पर ऋणपत्रों को खरीद प्रतिफल के रूप में पूर्ण भुगतान हेतु निर्गमित किए। विक्रेता को जारी किए गए ऋणपत्रों की संख्या थी|

A. 30000

B. 28800

C. 32000

D. N/A

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

वीडियो उत्तर देखें

4. परिवर्तनीय ऋणपत्रों को बट्टे पर निर्गमित नहीं किया जा सकता, यदि-

A. उन्हें तत्काल ही परिवर्तित करना हो,

B. उन्हें तत्काल ही परिवर्तित नहीं किया जाना है,

C. उपर्युक्त में से कोई नहीं।

D. N/A

Answer: A

उत्तर देखें

5. जब ऋणपत्र को सममूल्य पर जारी किया जाता है और एक प्रीमियम पर मोचित किया जाता है तब इस प्रकार के निर्गम पर हानि किस खाते के नाम पक्ष में दर्शाते हैं-

A. लाभ व हानि विवरण

B. ऋणपत्र आवेदन व आबंटन खाता

C. ऋणपत्र निर्गम पर हानि खाता।

D. N/A

Answer: B

उत्तर देखें

6. व्यवसाय के खरीदने के समय क्रय प्रतिफल पर निवल परिसंपत्तियों का आधिक्य मूल्य कहाँ किया जाता है-

A. सामान्य आरक्षित

B. पूँजी आरक्षित

C. विक्रेता का खाता

D. N/A

Answer: C

उत्तर देखें

7. स्वयं के ऋणपत्र वे ऋणपत्र हैं जो कंपनी

A. अपने ही प्रवर्तकों को आबंटित करती है।

B. अपने निदेशकों का आबंटित करती है

C. बाज़ार से खरीदती है और निवेश के रूप में अपने पास रखती है।

D. N/A

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

**8. स्वयं के ऋणपत्रों के रद्दीकरण का लाभ हस्तांतरण किया जाता है-**

A. लाभ एवं हानि विवरण में

B. ऋणपत्र मोचन निधि में

C. पूँजी निधि में

D. N/A

**Answer: B**

उत्तर देखें

## स्वयं जाँचिए 3

1. व्यवसाय क्रय पर ऋणपत्रों का संपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में निर्गम।

उत्तर देखें

2. बट्टे पर ऋणपत्रों का निर्गमन।

वीडियो उत्तर देखें

3. बट्टे पर निर्गमित ऋणपत्रों का अभिमूल्य पर शोधन।

उत्तर देखें

4. कंपनी द्वारा स्वयं के ऋणपत्रों का क्रय।

उत्तर देखें

5. ऋणपत्रों निर्गम पर बट्टे का अपलेखन।

उत्तर देखें

## स्वयं जाँचिए 3 दिए गए लेनदेनों के जमा पक्ष की पहचान करें

1. बट्टे पर निर्गमित ऋणपत्रों का समतुल्य पर शोधन।

उत्तर देखें

2. अधिमूल्य पर ऋणपत्रों का निर्गम।

वीडियो उत्तर देखें

3. ऋणपत्रों का बट्टे पर निर्गम और अधिमूल्य पर शोधन।

उत्तर देखें

4. ऋणपत्रों का अधिमूल्य पर निर्गम और शोधन।

उत्तर देखें

5. ऋणपत्र निर्गम पर बट्टे का अपलेखन।

उत्तर देखें

## अभ्यास हेतु प्रश्न लघु उत्तरीय प्रश्न

1. एक ऋणपत्र से क्या तात्पर्य है?

वीडियो उत्तर देखें

2. एक वाहक ऋणपत्र से आप क्या समझते हैं?

वीडियो उत्तर देखें

3. एक संपाश्विक प्रतिभूति के रूप में निर्गमित' ऋणपत्र का अर्थ बताइए।

वीडियो उत्तर देखें

4. रोकड़ के अलावा प्रतिफ़ल हेतु ऋणपत्र का निर्गम' से क्या तात्पर्य है?

वीडियो उत्तर देखें

5. बट्टे पर ऋणपत्र का निर्गम तथा प्रीमियम पर मोचनीय' से क्या तात्पर्य है?

वीडियो उत्तर देखें

6. अमोचनीय ऋणपत्र' से क्या तात्पर्य है?

वीडियो उत्तर देखें

7. परिवर्तनीय ऋणपत्र' क्या है?

वीडियो उत्तर देखें

8. बंधक ऋणपत्र' से क्या तात्पर्य है?

वीडियो उत्तर देखें

9. ऋणपत्र के निर्गम पर बट्टा' क्या होता है?

वीडियो उत्तर देखें

10. ऋणपत्र के मोचन पर प्रीमियम' का क्या अर्थ है?

वीडियो उत्तर देखें

11. ऋणपत्र' पत्र 'अंश' से भिन्न क्यों होते हैं, दो अंतर बताइए?

वीडियो उत्तर देखें

12. ऋणपत्र का मोचन' से क्या तात्पर्य है?

वीडियो उत्तर देखें

13. 'परिवर्तनीयता के आधार ऋणपत्र का मोचन' से क्या तात्पर्य है?

वीडियो उत्तर देखें

14. खुले बाजार से क्रय' द्वारा ऋणपत्र के मोचन से क्या तात्पर्य है?

वीडियो उत्तर देखें

## अभ्यास हेतु प्रश्न दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. एक ऋणपत्र से क्या तात्पर्य है? विभिन्न प्रकार के ऋणपत्रों की व्याख्या कीजिए?

वीडियो उत्तर देखें

2. क्या कंपनी खुले बाज़ार से स्वयं के ऋणपत्र क्रय कर सकती है? व्याख्या कीजिए।

वीडियो उत्तर देखें

## अभ्यास हेतु प्रश्न संख्यात्मक प्रश्न

1. बी लिमिटेड ने मोहन ब्रदर्स से 4,00,000 रु. की खाता-मूल्य वाली परिसंपत्तियाँ खरीदी और 50,000 की देनदारियों की ज़िम्मेदारियों भी प्राप्त की। यह तय हुआ कि खरीद प्रतिफ़ल के रूप में 3,80,000 रु. का भुगतान 100 रु. प्रत्येक के ऋणपत्र द्वारा किया जाएगा। इन तीन प्रकरणों में क्या रोज़नामचा प्रविष्टियाँ अभिलिखित की जाएँगी यदि ऋणपत्रों का निर्गमन (क) सममूल्य पर (ख) बट्टे पर तथा (ग)10% प्रीमियम पर किया गया है। यह भी तय हुआ कि ऋणपत्रों में किसी भी प्रकार की भिन्नता आने पर इनका

रोकड़ में भुगतान कर दिया जाएगा। (टिप्पणी- ख्याति 30,000 रु. )

उत्तर देखें

2. एक्स लिमिटेड ने वाई लिमिटेड से क्रय प्रतिफ़ल के रूप में 4,40,000 की एक मशीनरी खरीद की सहमति बनाई और यह तय हुआ कि भुगतान 100 रु. प्रत्येक के 12% ऋणपत्रों द्वारा प्रति ऋणपत्र 10 रु. प्रीमियम के साथ चुकता किया जाएगा। लेन-देन की रोज़नामचा प्रविष्टियाँ दें|

उत्तर देखें